पंचायत आम चुनाव की तैयारियों सम्बंध में राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह भरतपुर पहुंचे

भरतपुर (निसं)। राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह शुक्रवार को भरतपुर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने उनकी अगवानी की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा, एएसपी धर्मेंद्र यादव और एडीएम राजीव शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। राज्य निर्वाचन आयुक्त जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर पंचायत आम चुनाव की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा।



चुनाव के सम्बंध में भरतपुर पहुंचे राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह का जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने स्वागत किया।

- **प्रदेश में अब तक करीब 11 हजार पंचायतों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। केवल जोधपुर जिले की बिलाड़ा पंचायत समिति की एक पंचायत में पुनर्मतदान की स्थिति बनी है, जिसे 15 नवंबर को कराया जाएगा**

इस दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह ने कहा कि राजस्थान में वन स्टेट, वन इलेक्शन की दिशा में निकाय चुनाव शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुए हैं। वहीं पंचायत आम चुनाव के तीन चरण भी सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कुछ स्थानों पर छोटी-मोटी विवाद की स्थितियां सामने आईं, लेकिन कहीं भी बड़ी हिंसात्मक घटना नहीं हुई।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब तक करीब 11 हजार पंचायतों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। केवल जोधपुर जिले की बिलाड़ा पंचायत समिति की एक पंचायत में पुनर्मतदान की स्थिति बनी है, जिसे 15 नवंबर को कराया जाएगा। पंचायत चुनाव के चौथे चरण में प्रदेशभर में करीब 3500 पंचायतों के चुनाव संपन्न कराए जा रहे हैं।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि भरतपुर के साथ धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, डीग और टोंक जिलों का दौरा करने का उद्देश्य चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लेना है। इसके तहत जिला प्रशासन से कानून व्यवस्था, चुनाव प्रबंधन, मतदान दलों के गठन, उनके प्रशिक्षण और रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया की जानकारी ली जाएगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि मतदान दलों के गठन और रेंडमाइजेशन में राजनीतिक दलों को शामिल किया गया या नहीं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की पालना, मतदान दलों के ठहरने और आवागमन की व्यवस्था सहित चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा 20 नवंबर को होने वाली मतगणना को लेकर की गई व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली।

अलवर में ऑल राजस्थान कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज

अलवर। शहर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में बुधवार से 36वीं ऑल राजस्थान कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। 12 से 15 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 48 जिलों की बालक एवं बालिका टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता में 16 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की 20 जिलों की 20 टीमें तथा बालक वर्ग की 28 जिलों की 28 टीमें भाग ले रही हैं। इस तरह कुल 48 टीमें खिताब के लिए मुकाबला कर रही हैं। स्टेडियम में कबड्डी के रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए खेल प्रेमियों में भी खासा उत्साह है। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में महासचिव तेजस्विनी सिंह गहलोत और राजस्थान कबड्डी संघ के महासचिव जगदीश फौजी सहित अन्य अतिथियों ने शिरकत की। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का संदेश दिया।

सार-समाचार

चौथे चरण की वोटिंग के लिए मतदान दल रवाना



टोंक। पंचायतीराज आम चुनाव के चौथे चरण के तहत टोंक जिले की 4 पंचायत समितियों एवं जिला परिषद के वार्डों में 14 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय टोंक से अंतिम प्रशिक्षण के उपरांत मतदान दल ईवीएम, बैलेट पेपर एवं निर्वाचन संबंधी आवश्यक सामग्री के साथ उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। मतदान दलों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चुनाव सामग्री उपलब्ध कराई गई तथा सामग्री प्राप्त करने के बाद उन्हें संबंधित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। मतदान दलों की सुविधा के लिए वाहन पार्किंग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की गई। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) टीना डाबी, एडीएम विनोद कुमार मीना, सीईओ राकेश कुमार मीना एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) टीना डाबी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र, सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बताया कि चौथे चरण में टोंक, मालपुरा (आंशिक), निवाई एवं टोडारायसिंह पंचायत समितियों के 74 वार्डों तथा जिला परिषद के 13 वार्डों में मतदान होगा। इन क्षेत्रों में कुल 414 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं। चौथे चरण में कुल 3 लाख 76 हजार 570 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 1 लाख 92 हजार 961 पुरुष तथा 1 लाख 83 हजार 609 महिला मतदाता शामिल हैं। जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए शनिवार, 14 नवम्बर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। उन्होंने बताया कि पंच एवं सरपंच पदों के लिए रविवार, 15 नवंबर को नामांकन प्रक्रिया संपन्न होगी। इसके बाद सोमवार, 16 नवंबर को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। उपसरपंच का चुनाव मंगलवार, 17 नवंबर को निर्धारित है।

पालिकाध्यक्ष ने रेलवे अधिकारियों को सौंपा मांग पत्र

फुलेरा। फुलेरा रेलवे जंक्शन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं लंबित विकास कार्यों को गति देने की मांग को लेकर फुलेरा पालिकाध्यक्ष राजू दाधीच, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहुजा के नेतृत्व में उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक पंकज शर्मा के फुलेरा आगमन पर फुलेरा जंक्शन की प्रमुख आवश्यकताओं एवं समस्याओं की ओर रेलवे प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई है। मांग पत्र में प्रमुख रूप से फुलेरा जंक्शन पर स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने, प्लेटफॉर्म संख्या एक पर शेड, बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था करने की मांग की गई है। इसके साथ ही अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने तथा पुराने एवं नवनिर्मित फुट ओवरब्रिज पर एस्केलेटर अथवा लिफ्ट लगाने की मांग उठाई गई है। पत्र में फुलेरा रेलवे स्टेशन को हेरिटेज स्टेशन के रूप में विकसित करने, रेलवे स्टेशन के पास खाली पडी रेलवे भूमि पर युवाओं एवं बच्चों के लिए खेल मैदान विकसित करने तथा यात्रियों और कर्मचारियों की सुविधाओं में विस्तार करने का सुझाव भी दिया गया है। इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह शेखावत, दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत अध्यक्ष अशोक वासदेव, पार्षद प्रतिनिधि दिलीप सुरोलिया, गणेश परिहार, पूरण सैनी , मनीष शर्मा, राजकुमार सिंह, तारा सोनी व अन्य लोग मौजूद रहे।

अलवर मिनी सचिवालय सौर ऊर्जा से रोशन हुआ पूरा परिसर

अलवर। सरकारी कार्यालयों में सौर ऊर्जा के उपयोग से बिजली खर्च कम करने की दिशा में अलवर मिनी सचिवालय ने मिसाल पेश की है। यहां स्थापित 400 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट से नवंबर माह में पूरे परिसर की बिजली खपत की भरपाई हो गई। इसके चलते बिजली बिल में नेट बिल्ड यूनिट और ऊर्जा शुल्क शून्य रहा। परिसर की जरूरत पूरी होने के बाद बची अतिरिक्त बिजली जयपुर विद्युत वितरण निगम के ठिाड को भी दी गई। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राज्य सरकार की मॉडल योजना के तहत मिनी सचिवालय में स्थापित सोलर प्लांट से परिसर की बिजली जरूरतें पूरी हो रही हैं। इससे सरकारी बिजली खर्च में प्रतिमाह करीब 4 लाख रुपए की बचत हो रही है। सौर ऊर्जा के उपयोग से सरकारी राजस्व की बचत के साथ विद्युत ग्रिड पर भी भार कम हुआ है।उन्होंने बताया कि नवंबर माह में परिसर की संपूर्ण विद्युत आवश्यकता सौर ऊर्जा से पूरी होना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढावा देने के साथ सरकारी कार्यालयों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी मदद मिल रही है।जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से सोलर प्लांट जून 2026 में चालू किया गया था। इसके बाद से लगातार अच्छा विद्युत उत्पादन हो रहा है। अनुमान है कि करीब चार साल में प्लांट की स्थापना लागत वसूल हो जाएगी। इसके बाद अगले 25 साल तक इससे बिजली उत्पादन का लाभ मिलता रहेगा।

सुरक्षा के लिए प्रशासन ने किए विशेष इंतजाम

निवाई। निवाई पंचायत समिति के 29 वार्डों में शनिवार को होने वाले मतदान के लिए 174 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पंचायत राज चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर गंभीर सिंह ने बताया कि निवाई पंचायत समिति क्षेत्र में कुल 29 वार्ड हैं, जिनके लिए 92 प्रत्याशी मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए निर्वाचन विभाग ने 52 ग्राम पंचायतों में 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 4 एरिया मजिस्ट्रेट व एक आब्जर्वर नियुक्त किया है। रिटर्निंग ऑफिसर गंभीर सिंह ने बताया कि निवाई पंचायत समिति क्षेत्र में 13 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन पर सुरक्षा के विशेष इंतजामात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 13 संवेदनशील मतदान केन्द्रों में राहोली, जोधपुरिया, डांगरथल, मूंडिया, हरभांवता, ललवाड़ी, झिलाय, जामडोली नटवाड़ा, बस्सी, दतवास, तुर्किया व अरनिया मतदान केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं। इन मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं।

महिला मतदाताओं को दिलाई मतदान की शपथ

निवाई। पंचायतराज चुनावों को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा कलश यात्रा निकाल कर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गांवों एवं ढाणियों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया एवं उन्हें लोकतंत्र में मतदान के महत्व की जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास अधिकारी संगीता दीपक व महिला पर्यवेक्षक अनुजा शर्मा ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विशेष रूप से महिलाओं एवं युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सामूहिक रूप से मतदाता जागरूकता रैली एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित कर सभी मतदाताओं को निर्भीक, निष्पक्ष एवं अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया।

दीपावली स्नेह मिलन समारोह कल

निवाई। अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा के तत्वावधान में रविवार को झिलाय रोड पर स्थित मॉडल स्कूल के पीछे विजयवर्गीय छात्रावास संस्थान में दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जितेन्द्र विजय ने बताया कि समारोह में विधायक रामसहाय वर्मा व पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा एवं विजयवर्गीय समाज की प्रदेश व राष्ट्रीय कार्यकारणी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित समाज के सभी लोग सपरिवार भाग लेंगे एवं आपसी प्रेम, भाईचारे व सामाजिक एकता का संदेश देंगे।

सार-समाचार

पेट्रोल डालकर हमला करने वाले फरार दो आरोपी गिरफ्तार

सांभरझील, (निसं)। शराब नहीं देने की बात को लेकर आपसी रंजिश में पेट्रोल डालकर जानलेवा हमला करने के मामले में फरार हुए दो आरोपियों को पुलिस टीम ने करीब 400 किलोमीटर तक पीछा कर बहादुरगढ़ हरियाणा से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। हनुमान प्रसाद, पुलिस अधीक्षक, जिला जयपुर ठाामीण ने बताया कि दिनांक 10.11.2026 को विजय सिंह सोनी पुत्र रामोवतार सोनी जाति सुनार उम्र 19 साल निवासी हरसोली पुलिस थाना रेनवाल जिला जयपुर ने थाना रेनवाल पर रिपोर्ट दर्ज करवायी कि यंशवत सिंह के करड रोड किशनगढ रेनवाल जिला जयपुर स्थित शराब गौदाम पर मैं और कैलाश सिंह कर्मचारी है। 2-3 दिन पहले किशन लाल मीणा पुत्र नामालूम निवासी मिण्डा रोड, किशनगढ रेनवाल पुलिस सुरजीत सिह पुत्र नामालुम, राहुल सिंह पुत्र नामालुम जाति राजपूत निवासी ड्योड्या रामसिंहपुरा पुलिस थाना रेनवाल एक राय कर उक्त शराब गौदाम पर आये और कैलाश सिंह को शराब देने के लिए धमकाने लगे तो कैलाश सिंह ने शराब गौदाम से शराब देने से मना कर दिया तो उक्त आरोपीगण कैलाश सिंह को 2 दिन में सबक सिखाने की धमकी देकर चले गये और उक्त आरोपीगण दिनांक 10.11.2026 को एकराय कर तथा बोतल मे पेट्रोल भरकर मोटरसाईकिल से समय करीबन 1.00 बजे दोपहर उक्त गौदाम पर आये। एक व्यक्ति बाईक पर बैठा रहा और अन्य दोनो आरोपियों ने पेट्रोल की बोतल चैनल गेट के बाहर से अन्दर की तरफ फेंक दी और माचिस से आग लगा दी, जिससे कैलाश सिंह का शरीर लगभग 80 प्रतिशत जल गया जो एसएमएस हास्पिटल जयपुर मे दौराने ईलाज है। रिपोर्ट पर पुलिस थाना रेनवाल ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण में वांछित आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) नीरज पाठक व वृत्ताधिकारी जोबनेर पन्नालाल जांगीड के निकटतम सुपरविजन में तथा थानाधिकारी रेनवाल राजेन्द्र कुमार, डीएसटी टीम प्रभारी सुहेल खान मय जाप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा अथक प्रयास करते हुए दिनांक 12.11.2026 को करीबन 400 किलोमीटर तक आरोपियों का पीछा कर बहादुरगढ हरियाणा से प्रकरण में जानलेवा हमला करने वाले वांछित दो आरोपी सुरजीत सिंह शेखावत उर्फ राहुल उर्फ रांकी, व योगेन्द्र सिंह शेखावत उर्फ रवि को डिटेन किया।

बिना पेनल्टी बिल देने पर बनी सहमति

फुलेरा। शहर में जलदाय विभाग की ओर से पानी के बिल वितरित नहीं किए जाने और उपभोक्ताओं के मोबाइल पर पेनल्टी सहित बिल जमा करवाने के मैसेज भेजे जाने का मामला सामने आया है। इस समस्या को लेकर शुक्रवार को वार्ड नंबर 14 की पार्षद शिवानी सिंह की ओर से जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत करवाया गया। वार्ड नं 14 निवासी महेश शर्मा गार्ड ने बताया कि पूरे फुलेरा शहर में पानी के बिलों का वितरण नहीं हुआ है, इसके बावजूद उपभोक्ताओं के मोबाइल पर पेनल्टी सहित बिल जमा करवाने के संदेश आ रहे हैं। इससे आमजन में असमंजस और परेशानी की स्थिति बनी हुई है। मामले को लेकर वार्ड नंबर 14 के पार्षद प्रतिनिधि विशाल सिंह के नेतृत्व में न्यू गार्डन कॉलोनी के निवासियों ने कनिष्ठ अभियंता से मुलाकात कर समस्या रखी। चर्चा के बाद सहमति बनी कि आगामी बिल प्रिंट करवाकर उपभोक्ताओं को वितरित किए जाएंगे तथा बिना पेनल्टी के बिल जमा करवाने की व्यवस्था की जाएगी। इस अवसर पर वीरसिंह बाबा, गिरधरगोपाल बूमरा, दिनेश कुमार सोनी, राजीव दत्त गौड़, भीकमचंद, कमल शर्मा, राजेश कुमार शर्मा सहित अन्य कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

पंचायतीराज चुनावों के तहत धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

टोंक। पंचायतीराज आम चुनाव-2026 शांतिपूर्वक, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रुप से सम्पन्न कराए जाने को लेकर जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट टीना डाबी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के आदेश जारी किए है। उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रम के अनुसार टोंक जिले में चौथे चरण के तहत 14 व 16 नवम्बर को चुनाव होने है। इसी के तहत जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच व पंच पद के लिए मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व की अवधि में चुनाव प्रचार प्रतिबंद्धित रहेगा। इस अविध के दौरान किसी भी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा विधि विरुद्ध जमाव, जनसभा करने अथवा उसमें भाग लेना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य के लिए शनिवार 14 नवम्बर साय: 6 बजे तक (मतदान समाप्ति) तथा सरपंच व पंच के लिए शनिवार 14 नवम्बर साय: 6 बजे से सोमवार 16 नवम्बर साय: 6 बजे तक (मतदान समाप्ति) की अवधि के दौरान सभाओं पर प्रतिबंध और सार्वजनिक बैठको पर रोक लगाने के आदेश जारी किए गए है। यह आदेश मतदान क्षेत्रो के लिए लागू होंगे। उन्होंने बताया कि इस अवधि में डोर टू डोर भ्रमण प्रतिबंधित नहीं होगा। मतदान केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में किसी भी अभ्यर्थी, राजनैतिक दल की ओर से मतदान सहायता केन्द्र स्थापित नही किया जाएगा। मतदान दिवस पर कोई भी व्यक्ति मतदान केन्द्र से 100 मीटर की परिधि के अंदर मोबाईल, सेलफोन, वायरलेस का उपयोग नही करेगा

मतदान बहिष्कार की चेतावनी

निवाई। राज्य निर्वाचन आयोग राजस्थान की पंचायत चुनाव निर्वाचक नामावली में जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान बूथों के नाम व पते में हुई त्रुटि को लेकर गांव सीपुरा के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त करते हुए शीघ्र संशोधन की मांग को लेकर निर्वाचन अधिकारी गंभीर सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर सुधार नहीं किया गया तो समस्त ग्रामवासी शनिवार को आयोजित चुनाव में मतदान का बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि मतदान बूथ संख्या 163, बूथ संख्या 164 व बूथ संख्या 165 के पते में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुरावदा अंकित कर दिया गया है, जबकि इस नाम का कोई विद्यालय नहीं है।

मूसाखेड़ा में मोना बनी गांव की सरपंच, परिवार में खुशी

किशनगढ़ बास। पंचायत समिति किशनगढ़ बास की 32 ग्राम पंचायतों में हाल ही में संपन्न हुए सरपंच चुनाव में मुसाखेड़ा गांव ने इतिहास दोहरा कर गोयल परिवार की बहूं को अपना सरपंच चुना है। करीब 55 साल बाद फिर गोयल परिवार में खुशी लोटी है। यह जीत की खुशी मुसाखेड़ा से लेकर किशनगढ़ बास तक छाई है।

55 साल पहले मोना अठावाल के परदादा ससुर रामसहाय गोयल 27 गांव के सरपंच रह चुके हैं। अब उनकी परपोती बहू मोना गोयल ने मुसाखेडा से सरपंच पद पर जीत हासिल कर परिवार की उस गौरवशाली परंपरा को फिर से जीवित कर दिया है। गांव में इसे विरासत की वापसी के रूप में देखा जा रहा है। नवनिर्वाचित सरपंच मोना अग्रवाल एम.ए. पास हैं। उनके पति दिपेश उर्फ दीपू गोयल किशनगढ़ बास में रेडीमेड कपड़ों की दुकान करते हैं। वहीं चाचा ससुर विनय गोयल की कपड़े की दुकान है। शिक्षित बहू के सरपंच बनने से गांव के लोगों में विकास की नई उम्मीद जगी है।



मुसाखेड़ा में नवनिर्वाचित सरपंच मोना अग्रवाल का अग्रवाल समाज के लोगों ने मिठाई बांट कर सम्मान किया।

मोना अग्रवाल के सरपंच बनने पर किशनगढ़ बास अग्रवाल समाज के लोग गांव पहुंचे और मोना अठावाल को जीत की बधाई देते हुए मुंह मीठा कराया और सम्मान किया। इस दौरान सरपंच परिवार के सत्यनारायण, विनय गोयल सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने घर पहुंचे समाज बंधुओं का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया।

समाज के लोगों ने कहा कि 32 पंचायतों पर हुए चुनाव में समाज की एक बेटी ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल कर समाज व परिवार का मान बढाया है। 55 साल बाद फिर परिवार में सरपंची आना पूरे समाज के लिए गर्व की बात है। समाज के लोगों ने कहा कि शिक्षित सरपंच मोना अग्रवाल के नेतृत्व में मुसाखेडा गांव शिक्षा, सफाई, सड़क, पानी और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में विकास की नई मिसाल बनेगा।

इस दौरान अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुनील सिंघल, किराना व्यापार मंडल अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल, संजय सिंघल, मनोज मित्तल, हरीश गोयल, सन्तोष गोयल, गिर्राज प्रसाद, सागर सिंघल, नरेन्द्र कुमार सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

प्रागपुरा के मुख्य बाजारों में जल्द लगेंगे स्पीड ब्रेकर

पावटा। प्रागपुरा कस्बे के मुख्य बाजारों में तेज रफ्तार वाहनों के कारण बढ़ते हादसों की आशंका को देखते हुए अब स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

कस्बे में रोजाना कार और मोटरसाइकिल तेज गति से गुजरती हैं। कई बार सड़क हादसे भी हो चुके हैं, वहीं कुछ वर्ष पूर्व तेज रफ्तार के चलते जनहानि की घटना भी सामने आ चुकी है। हाल ही में दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर की घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी। इसी समस्या को गंभीरता से लेते हुए कस्बे के मुख्य बाजारों में जगह-जगह स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव अखिल अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि मुख्य बाजारों में वाहनों की तेज रफ्तार आमजन, दुकानदारों और राहगीरों की सुरक्षा के लिए खतरा बनी हुई है।

राजस्व प्रकरणों के निस्तारण में देरी बर्दाश्त नहीं : डॉ. आर्तिका शुक्ला

अलवर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने राजस्व अधिकारियों को लंबित राजस्व प्रकरणों और न्यायालयों में विचाराधीन मामलों का गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत पहुंचाने के लिए अधिकारी सक्रियता से काम करें। प्रकरणों के निस्तारण में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कलक्टर शुक्रवार को मिनी सचिवालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रही थीं। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों, राजस्व प्रकरणों और संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी प्रयोजन के लिए भूमि आवंटन के लंबित मामलों में जिला स्तरीय अधिकारी संबंधित उपखंड अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर समय पर निस्तारण कराएं, ताकि जनहित से जुड़े विकास कार्यों को गति मिल सके। अधीनस्थ न्यायालयों में लंबित राजस्व मामलों का नियमानुसार समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए उपखंड अधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया। बैठक में राजस्व वाद निस्तारण, जीसीएमएस पोर्टल, भूमि संपरिवर्तन, आम रास्तों, सीमाज्ञान और कुर्रेजात रिपोर्ट सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि प्रत्येक परिवादी से संपर्क कर उसकी समस्या का संतुष्टिदायक समाधान किया जाए। उपखंड अधिकारी पोर्टल पर दर्ज परिवादों की साप्ताहिक समीक्षा करें। मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय तथा ठााम पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तरीय जनसुनवाई से संबंधित शिकायतों एवं स्टार मार्क प्रकरणों का भी निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए । बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम योगेश डागुर, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अंबालाल मीणा सहित समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अधिशासी अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

- **संपर्क पोर्टल के लंबित परिवादों की भी समीक्षा, परिवादियों से संवाद कर संतुष्टिदायक समाधान के निर्देश**
- **बैठक में राजस्व वाद निस्तारण, जीसीएमएस पोर्टल, भूमि संपरिवर्तन, आम रास्तों, सीमाज्ञान और कुर्रेजात रिपोर्ट सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई**

व्यापारी प्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का जताया आभार

हर त्योहार पर स्थायी रूप से हाट बाजार लगाने का सुझाव दिया

अलवर। दीपावली पर कंपनी बाग रोड पर हाट बाजार की सुव्यवस्थित व्यवस्था और शहर के मुख्य बाजारों को अतिक्रमण मुक्त कराने की पहल को लेकर व्यापारियों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार जताया है। शुक्रवार को मंत्री के कार्यालय पर कंपनी बाग हाट बाजार सहित शहर के विभिन्न बाजारों के व्यापारी प्रतिनिधियों ने पहुंचकर उन्हें धन्यवाद दिया। व्यापारियों ने कहा कि इस व्यवस्था से जहां फड व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं मिलीं, वहीं मुख्य बाजारों में भी खरीदारी के लिए आने वाले नागरिकों को राहत मिली और परंपरागत व्यापारियों का कारोबार भी प्रभावित नहीं हुआ।

अलवर टाइगर मैराथन एवं अलवर दिवाली उत्सव के संयोजक अरुण जैन ने बताया कि हर वर्ष दीपावली के अवसर पर शहर के प्रमुख बाजारों में फड़ व्यापारियों की संख्या बढ़ जाती है। ये छोटे व्यापारी तपती धूप और सर्द रातों में जमीन पर बैठकर अपना कारोबार करते हैं। बाजारों में जगह सीमित होने के कारण दीपावली से पहले ऐसी स्थिति बन जाती है कि लोगों के लिए पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। इसका असर फड़ व्यापारियों के साथ बाजार के स्थायी दुकानदारों के कारोबार पर भी पडता है। आम नागरिक भी भीड और अव्यवस्था के कारण बाजारों में जाने से कतराते हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के सुझाव और प्रेरणा से इस बार फड व्यापारियों को कंपनी बाग रोड पर व्यवस्थित हाट बाजार में स्थानांतरित किया गया। यहां उनके बैठने के लिए उचित स्थान, छायादार दुकानों के साथ पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। विभिन्न समाजसेवियों ने भी समय-समय पर व्यापारियों के लिए भोजन की व्यवस्था की। इससे छोटे व्यापारियों को सम्मानजनक और सुविधाजनक माहौल में कारोबार करने का अवसर मिला।

- **मुख्य बाजारों अतिक्रमण हटने से खरीदारी के लिए आने वाले नागरिकों को राहत मिली**



दीपावली पर हाट बाजार की सुव्यवस्थित व्यवस्था व अतिक्रमण मुक्त कराने की पहल को लेकर व्यापारियों ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का आभार जताया है।